**खुली नई राह** | **सरोजनीनगर में अशोक लेलैंड के EV प्लांट की शुरुआत**

# संभावनाओं को परिणाम में बदल रहा यूपीः योगी

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सरोजनीनगर में अशोक लेलैंड के इलेक्ट्रिक वीइकल (EV) प्लांट की शुरुआत की। प्लांट में हर साल 2500 EV बसों का निर्माण करेगा। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साल 2017 के पहले यूपी की अराजकता किसी से छिपी नहीं थी और निवेशक पलायन कर रहे थे, लेकिन आज यूपी असीमित संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन गया है।

कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीएम की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यूपी आर्थिक विकास का पर्याय बन चुका है। यह EV प्लांट प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। सीएम योगी ने कहा कि EV प्लांट की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता अभी 2500 यूनिट प्रति वर्ष है। इसे 5000 यूनिट प्रतिवर्ष तक बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आज यूपी के सभी 75 जिलों में निवेश हो रहा है। देश में एक्सप्रेस-वे का 55% सिर्फ यूपी में है। देश में पहली रैपिड रेल भी यूपी में ही शुरू होगी। उन्होंने कहा कि फियरलेस बिजनेस, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस नए यूपी की पहचान बन चुके हैं। यहां पर कोई निवेशक पॉलिसी पैरालिसिस का शिकार नहीं हो सकता।

| 18 | 2023 | 2024 | 2500 |
|---|---|---|---|
| महीने में तैयार हुआ प्लांट | सितंबर में हुआ था एमओयू | जनवरी में ट्रांसफर हुई जमीन | EV बसें बनेंगी हर साल |

NBT



सीएम ने कहा, प्लांट की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता 5000 यूनिट प्रति वर्ष की जाएगी।

**मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत@2047 का जो लक्ष्य तय किया है, उसका रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही जाएगा।** -राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

**साल 2017 के पहले यूपी पहचान का मोहताज और उपद्रव से ग्रसित था, लेकिन आज यूपी उत्सव का प्रदेश है।**

-योगी आदित्यनाथ, सीएम

**बढ़ेगी युवाओं की स्किलः** युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए हिंदुजा ग्रुप सरकार के साथ एमओयू करेगा। प्लांट में हर साल 10 हजार युवाओं को स्किल डिवेलपमेंट की ट्रेनिंग दी जाएगी। ▶▶पेज 2